निगम के 8 कर्मचारी को स्थानांतरित कर दी गई नवीन पदस्थापना, निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने जारी किया आदेश

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के 8 कर्मचारियों को स्थानांतरित कर नवीन पदस्थापना दी गई है। इसके साथ ही नवनियुक्त अनुकंपा नियुक्ति के कर्मचारियों को भी पदस्थ किया गया है। इसका आदेश अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर के अनुमोदन से किया है। नवीन पदस्थापना के तहत वीरेंद्र साहू सहायक राजस्व निरीक्षक स्थापना शाखा को राजस्व विभाग , रोहित बंजारे पंप सहायक राजस्व विभाग को अपर आयुक्त कक्ष क्रमांक 18, के विजय कुमार प्रोसेस सर्वर राजस्व विभाग को स्थापना शाखा, रामेश्वर निषाद प्रोसेस सर्वर कम भृत्य उपायुक्त कक्ष से राजस्व विभाग , श्रीमती मुनिया बाई भृत्य को उपायुक्त कक्ष से राजस्व विभाग , बी डेविड सफाई कामगार को उपायुक्त कक्ष से राजस्व विभाग, विकास सिंह सहायक राजस्व निरीक्षक स्थापना शाखा को राजस्व विभाग तथा सृष्टि मसीह भृत्य को स्थापना शाखा से भवन अनुज्ञा शाखा में पदस्थ किया गया।